


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 21 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 31 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया




## संपदा 2.0: आधार से लिंक मोबाईल जरूरी

### ई स्टाम्प पर अब आएगा आधार वाला फोटो

**मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** यदि अब आप संपदा 2.0 से ज्यूडिशियली या नॉन ज्यूडिशियली ई-स्टाम्प निकलवाएंगे तो धोखाधड़ी से बच सकते हैं। संपदा 2.0 को आधार नंबर से लिंक किया गया है। ऐसे में जैसे ही आप इस पर ई-स्टाम्प जनरेट (निकलवाएंगे) करवाएंगे तो उसमें पक्षकारों के आधार नंबर में दर्ज नाम-पते के साथ फोटो भी छपकर आएगा। आधार वाले मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। यह सर्विस प्रोवाइडर को बताने पर ई-स्टाम्प के ऑप्शन में दर्ज करेंगे, तभी ई-स्टाम्प निकलेगा। ऐसे में आपकी सहमति के बगैर कोई भी व्यक्ति आपके नाम से ई-स्टाम्प नहीं निकाल पाएगा और आप धोखाधड़ी से बच सकते हैं। हालांकि एक भी गलती नुकसान भी पहुंचा सकती है। इससे बचने के लिए यह सुनिश्चित कर लें कि ओटीपी नंबर जिसे बता रहे हैं, वह अधिकृत व्यक्ति है।

पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग में दस्तावेज के ई-पंजीयन एवं ई-स्टाम्प के लिए संपदा सॉफ्टवेयर के नए संस्करण संपदा 2.0 का शुभारंभ 10 अक्टूबर को किया था। हालांकि इसमें अभी संपति क्रय-विक्रय से संबंधित रजिस्ट्री सहित कुछ अन्य दस्तावेज पंजीकृत होने में कई जगह तकनीकी दिक्कत आ रही है। ऐसे में पावर ऑफ अटार्नी, शपथ-पत्र जैसे दस्तावेज पंजीकृत होने के साथ ई-स्टाम्प जनरेट किया जा सकता है। संपदा 2.0 के माध्यम से कोई भी रजिस्टर्ड यूजर अपना ई-स्टाम्प स्वयं भी बना सकेगा और सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से भी ले सकेगा। सॉफ्टवेयर में आधार नंबर आधारित ई-केवायसी प्रक्रिया लागू की है। सभी पक्षकारों के आधार में लाए जा रहे मोबाइल नंबर से लिंक होने के साथ ई-केवायसी अपडेट होना भी जरूरी है। इसके बाद ही आप सुविधा का लाभ ले सकते हैं। चाहे आपको किसी राजीनामा, किरायानामा आदि कार्य के लिएज्यूडिशियली या नॉन-ज्यूडिशली ई-स्टाम्प संपदा 2.0 के माध्यम से जनरेट करवाना हो।

### अधिकृत व पहचान वाले सर्विस प्रोवाइडर को ही बताएं ओटीपी...

जानकारी के मुताबिक संपदा 2.0 संपत्ति पक्षकारों को धोखाधड़ी से बचाएगा। इसे ई-केवायसी व्यवस्था से ऑनलाइन जोड़ा गया है। जैसे ही आप किसी भी कार्य के लिए आधार नंबर सॉफ्टवेयर में दर्ज करेंगे तो संबंधित की सभी जानकारी सामने आएगी। आधार में दर्ज नाम, पता के साथ संबंधित का फोटो और लिंक मोबाइल नंबर भी रहेगा। इसी मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा और इसे वेरिफाई करवाए बिना प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी। ऐसे में आपकी सहमति के बिना कोई आपके नाम व आधार नंबर का उपयोग किसी भी रूप में नहीं कर पाएगा। दूसरी तरफ प्रत्येक पक्षकार को इस प्रक्रिया के दौरान सावधानी भी रखना जरूरी है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण आपके मोबाइल पर आने वाले ओटीपी नंबर को किसी भी व्यक्ति को देने से पहले ध्यान रखें। दस्तावेज पंजीकरण व ई-स्टाम्प के लिए आए ओटीपी अधिकृत व पहचान वाले सर्विस प्रोवाइडर को ही बताएं।

## दीपावली : आधुनिकता के दौर में भी जिंदा मुनीम परंपरा

### बही खातों में लिखते हैं दुकान का हिसाब-किताब

**मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** समय के साथ-साथ व्यापार के तौर तरीको के साथ ही हिसाब-किताब के तरीकों में भी बदलाव आ गया है। जीएसटी के इस दौर में टैक्स सिस्टम ऑनलाइन है और हिसाब किताब के लिए नए-नए सॉफ्टवेयर आ गए हैं। लेकिन, बदलाव के इस दौर में व्यापारियों ने बही और मुनीम परंपरा को अपनी दुकान से दूर नहीं किया है। शहर में आज भी यह परम्परा जारी है। धनतेरस पर बकायदा बही की पूजा की गई और सोने का कामकाज करने वालों ने अपनी गादियां बदली। दीपावली पर आज और कल बही खातों की पूजा की जाएगी। शहर के सराफा बाजार, गल्ला बाजार, किराना बाजार में आज भी हिसाब किताब देखने का काम मुनीम करते हैं।

बता दें कि इन दिनो हिसाब-किताब रखने के लिए टैली सॉफ्टवेयर, बही खाता सॉफ्टवेयर आदि आ गए हैं, जिस पर डिजिटल खाते बनाए जाते हैं। जीएसटी आने के बाद कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर में हिसाब रखते हैं। लेकिन, डिजिटल के साथ मैन्युअल भी हिसाब किताब मुनीम द्वारा रखे जाते हैं। इसके तहत अलग से ट्रेडिंग अकाउंट बनाना, लेजर लिखना, प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट बनाना यह सारा काम करने के बाद करो का कैल्कुलेशन मैन्युअल भी करते हैं।

### साफ रहेगा मौसम, अगले सप्ताह से शुरु होगी ठंड...

मानसून की विदाई के बाद अब जिले में ठंड की दस्तक हो गई है। हालांकि दीपावली पर मौसम साफ रहने का अनुमान है। वैसे दिन में गर्मी और सुबह शाम ठंड गिरने लगी है। अगले सप्ताह दिन के तापमान में भी गिरावट आएगी। अभी जिले में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम जानकारों के अनुसार मानसून लौट गया है। वहीं अगले कुछ दिन मौसम साफ रहने वाला है। इस दौरान ठंड बढ़ेगी और तापमान में गिरावट आएगी। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिणी छत्तीसगढ़ और ओडिशा के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। इसका असर दक्षिणी हिस्से में देखने को मिलेगा। मालवा-निमाड़ के कुछ जिलों में भी बादल छाए रह सकते हैं। ऐसा मौसम अगले 2 दिन रहेगा।

### गेंदा के फूलों से महक रही मंडी, गुलाब भी महंगा...

दीपावली पर फूलों की मांग बढ़ते ही दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। मांग बढ़ने के साथ ही आवक भी कम बनी हुई है। इसके साथ ही अन्य राज्यों में भी मंदसौर के फूलों की मांग अधिक है। धनतेरस से ही फूलों के दामों में भारी उछाल आ गया। पिछले साल की तरह इस साल भी गेंदा फूल 50-60 रुपए किलो बिका। इसके साथ ही गुलाब का फूल 400 रुपये किलो बिक रहा है। फूल महंगे होने के कारण गेंदा फूलों की माला 30-40 रुपये में बिक रही है। दीपावली के एक दिन पहले मंडी में करीब तीन से चार हजार क्विंटल गेंदा फूल की आवक रही।

### पटाखे 20 प्रति. तक महंगे...

दीपावली की रात शहर और अंचल में इस बार लाखों रुपए की आतिशबाजी होगी। इस बार पटाखों की कीमत में पिछले साल की तुलना में 15-20 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। पटाखों की रेंज में कोई ज्यादा बदलाव नहीं आया है। परंतु पटाखों पर लगे हुए देवी-देवताओं के चित्रों का स्थान कार्टून फिल्मों में दिखने वाले भीम और छुटकी ने लिया है। सबसे ज्यादा डिमांड गंगा-जमुना और लैला मजनू पटाखों की है। इसके बाद यहां बच्चों के लिए पॉप-पॉप सहित कई तरह की फूलझड़ियां और अन्य छोटे पटाखे मिल रहे हैं।

## मुल्तानपुरा मर्डर मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र के झगड़ालू गांव मुल्तानपुरा में 2 पक्षों में खूनी संघर्ष के बीच आबिद पिता नबीनूर कागला सुसाड़िया की फायरिंग के दौरान सीने में गोली लगने से मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। इधर आरोपियों को अवैध बंदूक उपलब्ध कराने वाले को लेकर जांच जारी है। पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने बताया फायरिंग मामले में पुलिस ने मंगलवार को गोपाल बलाई, राहुल बलाई व एक अन्य को गिरफ्तार किया है।

## एमपी बोर्ड: खेत पर एक दिन रहने का अनुभव लिखेंगे विद्यार्थी

**भोपाल, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश बोर्ड की पांचवीं व आठवीं बोर्ड की परीक्षा फरवरी-मार्च में आयोजित होनी है। राज्य शिक्षा केंद्र ने इसके लिए अंक योजना और प्रोजेक्ट के विषयों की सूची बनाई है। अंक योजना में 60 अंक की लिखित परीक्षा और 40 अंक आंतरिक मूल्यांकन के होंगे। आंतरिक मूल्यांकन में भी 20 अंक का प्रोजेक्ट कार्य होगा। इसके तहत पांचवीं के विद्यार्थियों को अपने खेत पर एक दिन रहने का अनुभव लिखना होगा। प्रोजेक्ट के लिए परीक्षा की तैयारी कैसे करते हैं, गांव या शहर में से कौन सुंदर लगता है, पांच फूलों को सुखाकर प्रोजेक्ट कॉपी पर चिपका कर विवरण भी लिखें, जैसे विषय चुने गए हैं।

**भ्रमण पर गए हैं तो विवरण डायरी में लिखने को देंगें**–वहीं आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट के विषयों में पिछले दिनों कहीं भ्रमण पर गए हैं तो उसका विवरण डायरी के रूप में लिखने को दिया जाएगा। इसके अलावा वाद्ययंत्रों के नाम और उनके विवरण जैसे विषयों पर प्रोजेक्ट तैयार करना होगा।

**इनका कहना**–पांचवीं व आठवीं के प्रत्येक विषय में 20 अंक का प्रोजेक्ट वर्क होगा। इसके तहत विद्यार्थियों को ऐसे विषय दिए गए हैं, जिससे उन्हें कुछ सीखने को मिलेगा।

**हरजिंदर सिंह, संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र**

## डंपर में डंपर घुसा, क्लीनर की मौत

**मंदसौर, 31 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आगे चल रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगे, तभी पीछे से आ रहा दूसरा डंपर उसमें जा घुसा। इस दुर्घटना में पीछे वाले डंपर का क्लीनर गंभीर घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मल्हारगढ़ पुलिस के अनुसार मामला बांडाखाल के पास ब्रेकर का है। कुलदीप सिंह जाट निवासी उचाना कला जिला जिंद हरियाणा हाल मुकाम सुभाष नगर कैथल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि अज्ञात डंपर के ड्राइवर ने लापरवाहीपूर्वक अचानक ब्रेक लगाया। इससे पीछे से आ रहा फरियादी का डंपर जा घुसा। जिससे मेरे पास में बैठे क्लीनर संदीप को दोनों पैरों व शरीर में चोट आई। उसे इलाज के लिए मंदसौर बड़े अस्पताल से रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक्सीडेंट से ट्रक में भी नुकसान हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।




दीप पर्व की सभी पाठकों, स्नेहिजनों, विज्ञापनदाताओं को

**हार्दिक शुभकामनाएं**

### अवकाश सूचना

दीपावली के अवसर पर दैनिक गुरु एक्सप्रेस कार्यालय का 31 अक्टूबर, 01 व 02 नवम्बर को अवकाश रहेगा। सोमवार 04 नवम्बर को पुन: मिलेंगे।

✻ संपादक









हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

आपको और आपके समस्त परिवार को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं ......
विनय कुमार चमड़िया
श्रीमती कविता चमड़िया
डोनीपोलो उद्योग
ढाबला रोड शामगढ़, जिला- मंदसौर (म.प्र.)

दीपावली के पावन पर्व पर...
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ दीपावली
******* शुभेच्छु *******
सौरभ ट्रेडर्स
नीमच (म.प्र.) SSN

लहसन, प्याज क्वालिटी मशीन के निर्माता
NK
ISO- 9001:2008
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इलेक्ट्रिक कान्ट्रेक्टर एवं भारत सरकार द्वारा मेक इण्डिया अंतर्गत उद्योग भारतीय आवार्ड से सम्मानित
N.K.® Engineering And Electricals
एन.के. इंजीनियरिंग एण्ड इलेक्ट्रिकल्स
मशीन में स्टील पाईप से ग्रेडिंग करने का नया बदलाव और साथ ही मशीन में हायर एवं ग्रेडिंग मशीन एक साथ कर दिया गया है।
इलेक्ट्रिक कंट्रोल पेनल, सायलेंट जनरेटर उपलब्ध एवं सायलेंट जनरेटर रिपेयरिंग कन्वेयर बेल्ट, एलिवेटर बेल्ट, क्वालिटी जाली आदि सामान उपलब्ध है।
ऑफिस : नयापुरा रोड, मंदसौर (म.प्र.) | फेक्ट्री औद्योगिक क्षेत्र, शेड 19, मंदसौर (म.प्र.)
नाहरू भाई (फोरमेन) 9425327288
फारूख भाई-मो. 9479316509, शेहजाद खान-मो. 9425108930
Email- nkagroengg@gmail.com , www.nkagro.com

आप सभी को रोशनी के पर्व
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली सदैव बनी रहे ...
:: बधाईकर्ता ::
सभ्यता सुपर मार्केट
सुचित्रा टॉकीज के सामने मंदसौर


दीपावली के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं
****** शुभेच्छु ******
साजन-सजनी गारमेंट्स
कालीदास मार्ग मंदसौर
उच्च क्वालिटी के रेडिमेड कपड़ो के विक्रेता
लेडिस, जेन्ट्स एवं किड्स वियर की लंबी श्रृंखला

दीपोत्सव के मंगलमय पर्व पर नगरवासियों को
हार्दिक बधाईया
शुभकामनाएं
बधाईकर्ता
विनस कम्प्यूटर्स — कालाखेत, गौतम नगर
जगदीश टी डिपो — कालीदास मार्ग, मंदसौर
झंवर इंटरप्राईजेस — कालीदास मार्ग, मंदसौर
झंवर मेडिकोज — नयापुरा रोड, मंदसौर

अंशुल जैन एण्ड कं.
MP BIRLA CEMENT PERFECT
MOIRA
TATA TISCON
Ankur
ट्रांसपोर्ट नगर, एल.आई.सी.ऑफिस के पास, महू-नीमच रोड, मन्दसौर
Mob. : 9301910051, 9425924148, 8827992552
यश एजेन्सी
VARMORA
TILES • SANITARYWARE
KisaN
SONET
1 - पाण्डव मार्केट, सिविल हॉस्पिटल के सामने गांधी चौराहा, मन्दसौर (म. प्र.)
Ph. : 07422 - 403879 Mob. : 9425107429
E-mail : kochetavikas1234@rediffmail.com
पारस एजेन्सी
asianpaints
4 - दशपुर कुंज रोड, गांधी चौराहा के पास मन्दसौर (म. प्र.)
Ph. : 07422-406829 Mob. : 9826841093
गजराज जैन एण्ड कम्पनी
ट्रांसपोर्ट नगर, एल.आई.सी.ऑफिस के पास, महू-नीमच रोड, मन्दसौर (म. प्र.)
Mob. : 9301910051, 9425924148, 8827992552

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला पेट्रोल पम्प एसोसिएशन, मंदसौर
अध्यक्ष एवं सचिव तथा समस्त सदस्यगण, जिला मंदसौर

दीपोत्सव
के मंगलमय पर्व पर समस्त नगरवासियों एवं देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
लोकपालसिंह सिसोदिया — सरपंच — ग्राम पंचायत धुंधड़का
जगदीश धाकड़ — सचिव — ग्राम पंचायत धुंधड़का
कार्यालय ग्राम पंचायत धुंधड़का



६९ वें
मध्यप्रदेश
स्थापना दिवस के
राज्योत्सव
एवं
दीपोत्सव
की मंगलकामनाएं
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को अपनाते हुए राज्य सरकार ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है, जिससे पारंपरिक कलाओं और स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन मिले और सभी की दीपावली रोशन हो सके। मध्यप्रदेश सरकार के निर्णय के तहत धनतेरस से देव उठनी ग्यारस तक छोटे विक्रेताओं को टैक्स से मुक्त रखा गया है।
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
#मध्यप्रदेश_स्थापना_दिवस
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11095/24

# विकसित मध्यप्रदेश और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के संकल्प की ओर बढ़ते कदम

मध्यप्रदेश के नये स्वरुप की यात्रा को 68 वर्ष बीत चुके हैं। इस यात्रा में लगभग दो दशक पूर्व तक प्रदेश बीमारु राज्य की श्रेणी में था। विकास के निरंतर प्रयास से प्रदेश प्रगति पथ पर आगे बढ़ा। विगत दस वर्षों से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने विकास की करवट ली और प्रदेश विकसित राज्य की ओर अग्रसर है। अब हमने जनसेवा, सुशासन और प्रदेश के चहुंमुखी विकास की नयी यात्रा आरम्भ की है। प्रदेशवासियों के साथ मिलकर प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं।

भारत का हृदय, अपना मध्यप्रदेश वन, जल, अन्न, खनिज, शिल्प, कला, संस्कृति, उत्सव और परम्पराओं से समृद्ध है। पुण्य सलिला मां नर्मदा का सानिध्य और भगवान महाकालेश्वर का आशीर्वाद हमें प्राप्त है। यह असंख्य वीरों, बलिदानियों और राष्ट्र संस्कृति के प्रति समर्पित महान विभूतियों की धरती है। यह भगवान परशुराम ही जन्म स्थली, भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली और आदि शंकराचार्य की तपोस्थली है। यहां गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती ने स्पवत्व के लिए प्राणों का उत्सर्ग किया था। राष्ट्र में अपने सांस्कृति क गौरव को पुनर्स्थापित करने वाली पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की कर्मस्थली है। उनके त्रिशताब्दी समारोह के आयोजन वर्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश को प्राकृतिक संपदा के आधार के साथ इतिहास का गौरव प्राप्त है। अब हम विकास के साथ विरासत को लेकर आगे बढ़ेंगे।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए उन्होंने ज्ञान (GYAN), गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सम्मान का नया सूत्र (वाक्य) दिया। ये चार वर्ग विकास के आधार स्तम्भ है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रदेश विकास और कल्याण के लिए युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन के तहत कार्य करने जा रहे हैं। युवा शक्ति मिशन शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता, नेतृत्व विकास, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्य की योजना बनाकर मिशन मोड में कार्य करेगा। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के साथ ही हमने शासकीय नौकरियों में एक लाख से अधिक युवाओं के भर्ती अभियान शुरु कर दिया है। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। प्रदेश के 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारम्भ, कुलपतियों को कुलगु रु का मान, शिक्षा में भारतीय ज्ञान परम्परा, पर्यावरण और योग ध्यान पाठ्यक्रम का समावेश किया गया है। युवा शक्ति मिशन में युवाओं के विकास और निर्माण के सभी कार्य संभव होंगे।


डॉ. मोहन यादव

गरीब कल्याण मिशन स्वरोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आवास, शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधा अआदि की दिशा में कार्य करेगा। नारी शक्ति मिशन के तहत बालिका शिक्षा, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, लखपति दीदी योजना, महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण आदि कार्य सर्वोच्च प्राथिमिकता के साथ किये जायेंगे। किसान कल्याण मिशन में कृषि और उद्यानिकी को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में कार्य होंगे। किसानों को राहत प्रदान करने के साथ कृषि की उपज बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास किये जायेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि विकसित मध्यप्रदेश निर्माण के संकल्प को पूरा करने में इन चारों मिशन की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। हमारा प्रयत्न है कि मध्यप्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के विशिष्ट उत्पादों के अनुरुप उद्योग स्थापित हो। इसके लिए हमने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और रीवा में आयोजन किया। हैदराबाद, कोयंबटूर तथा मुम्बई में रोड शो और उद्योगपतियों को निवेश के लिए प्रदेश में आमंत्रित करना उद्योग विस्तार का उपक्रम है। इससे विपुल क्षेत्रीय स्थानीय उत्पाद के अनुसार उद्योग स्थापना का क्रम आरम्भ होगा और औद्योगिक विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन आयेगा।

मेरा संकल्प है कि प्रदेश की धरती पर कभी जल का संकट न अआए इसका एक-एक कोना जल से सिंचित हो। इसके लिए हमने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में केन-बेतवा और पार्वती-काली-सिंध चंबल नदी लिंक परियोजनाओं पर तेजी से कार्य आरम्भ कर दिया है। इस अभियान में सदानीरा नदियों के जल को मौसमी नदियों के साथ जोड़ने से हमारे अन्नदाता किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा, पेयजल की समस्या समाप्त होगी और धरती का जल स्तर बढ़ेगा। कृषि के साथ गौपालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक गांव में गौ-शाला खोली जाएगी। गाय हमारी संस्कृति और कृषि का आधार है। प्रदेश में हम गौ-संरक्षण एवं संवर्धन वर्ष मना रहे है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में सुशासन के लिए होने वाले प्रयास में साइबर तहसील परियोजना को सभी 55 जिलों में लागू किया गया है। यह पहल करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। थानों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण, राजस्व महाअभियान के 2 चरणों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा सुधार और सीमांकन के 80 लाख से अधिक लंबित प्रकरणों का निराकरण, आवासीय भू-खंडों के लिए ऑनलाईन आवेदन व्यवस्था लागू की है। गरीब कल्याण हमारी प्राथमिकता है। कार्य के आरम्भ में ही हमने इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 मजदूरों को उनका अधिकार दिलाया और गंभीर बीमारी के गरीब मरीजों के लिए पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरु की। बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सेनिटेशन एवं हाइजीन ययोजना में 19 लाख किशोरियों के खातों में 57 करोड़ रुपये से अधिक राशि प्रदान की गई। इस कार्य को यूनिसेफ इंडिया द्वारा भी सराहना मिली है। मध्यप्रदेश गौरवशाली विरासत और संस्कृति से समृद्ध है। इसे सहेजने तथा आध्यात्मिक अभ्युदय की दिशा में श्री राम वन गमन पथ, श्रीकृष्ण पाथेय का निर्माण, पीएमश्री पर्यटन वायुसेवा, वीर भारत न्यास का शिलान्यास, विक्रमोत्सव के आयोजन में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का शुभारम्भ, शासकीय कैलेंडर में विक्रम संवत अंकित करना। सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्रय में रक्षाबंधन, श्रावण उत्सव तथा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन किया गया।

मुझे यह बताते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में विकास की जो गंगा प्रवाहित हो रही है, उससे प्रदेश तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर है। केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं, पीएम स्व-निधि योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएम आवास योजना, कृषि अवससंरचना निधि, प्रधानमंत्री मातृ-वंदना ययोजना, पीएम स्वामित्व योजना, नशामुक्त भारत अभियान, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन आदि के क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाने में मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि यह आर्थिक, सामाजिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक अभ्युदय का समय है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में, नीतियों और निर्णयों को अमल में लाने के लिए मुझे प्रदेशवासियों की संकल्प शक्ति चाहिए। मेरा आप सभी से आग्र है कि आप स्थाानीय उत्पादों का उपयोग करें, स्थानीय विशेषताओं के अनुरुप विकास यात्रा में सहभागी बनें और वोकल फार लोकल को अपनाएं। प्रदेश के युवा, महिलाएं, अन्नदाता और गरीब वर्ग समान रुप से प्रगति करें, सबका जीवन खुशहाल हो, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी अधोसंरचना के क्षेत्र में प्रदेश विकसित और मजबूत बने, इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए हम पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे है।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के साथ, सहयोग और संकल्प से हम आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश बनाएंगे और विकास भारत के निर्माण में सहभागी होंगे।

प्रदेशवासियों को मध्यप्रदेश के 69 वें स्थापना दिवस की मंगलकामनाएं....

**✻ लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री है।**



















स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि़या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in